RAISINA BENGALI SCHOOL

कक्षा - 4 (हिन्दी)

पाठ - 4 . अधिक बलवान कौन ?

गृहकार्य निर्देश - पाठ को ध्यानपूर्वक पढें और कठिन शब्दों को बार-बार दोहराए।

0217CH04

4. अधिक बलवान कौन?

एक बार हवा और सूरज में बहस छिड़ गई।
हवा ने सूरज से कहा– मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ।
सूरज ने हवा से कहा– मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है।
इतने में हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी।

हवा ने कहा– इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है। जो इस आदमी का कोट उतरवा दे, वही ज़्यादा बलवान है।

सूरज हवा की बात मान गया। उसने कहा– ठीक है। दिखाओ अपनी ताकत।

हवा ने अपनी ताकत दिखानी शुरु की। आदमी की टोपी उड़ गई। पर कोट उसने अपने दोंनों हाथों से शरीर से लपेटे रखा और जल्दी-जल्दी कोट के बटन बंद कर लिए।

हवा और ज़ोर से चलने लगी।
अंत में आदमी नीचे ही गिर पड़ा। पर कोट उसके शरीर पर ही रहा। अब हवा थक गई थी।
सूरज ने कहा– हवा, अब तुम मेरी ताकत देखो।
सूरज तपने लगा।
आदमी ने कोट के बटन खोल दिए।
सूरज की गर्मी और बढ़ी।
आदमी ने कोट उतार दिया और उसे हाथ में लेकर चलने लगा।
सूरज ने कहा-देखी मेरी ताकत? उतरवा दिया न कोट?
हवा ने सूरज को नमस्कार किया और कहा-मान गई तुम्हारी ताकत को।

👉 निम्नलिखित पाठ आधारित कार्यरत को अपनी कॉपी में लिखें तथा याद करें ।

शब्दार्थ

बहस	तकरार	**ताकत**	बल
बलवान	शक्तिशाली	**फ़ायदा**	लाभ

पाठ पर आधारित प्रश्न



1. रिक्त स्थान भरो–

बटन, कोट, तपने, टोपी

(क) इस आदमी का .... उतरवा दो।
(ख) आदमी की .... उड़ गई।
(ग) आदमी ने कोट के .... खोल लिए।
(घ) सूरज .... लगा।

2. किसने कहा? किसने कहा?

(क) उतरवा दिया न कोट?

....

(ख) इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है।

....

3. प्रश्न - उत्तर :-

(क) किस-किस में बहस छिड़ गई ?
उत्तर - हवा और सूरज में बहस छिड़ गई ।

(ख) हवा और सूरज में क्या बहस हुई ?
उत्तर - हवा और सूरज स्वयं को एक दूसरे से अधिक शक्तिशाली बताने लगे तथा इसी बात दोनों की बहस शुरू हो गई ।

(ग) हवा की नज़र किस पर पड़ी ?
उत्तर - हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी ।

(घ) कौन अधिक बलवान है - इसका फ़ैसला कैसे होने वाला था ?
उत्तर - कौन अधिक बलवान है - इस बात का फ़ैसला करने के लिए हवा और सूरज में शर्त यह थी कि जो आदमी के कपड़े उतरवा देगा वही अधिक बलवान होगा ।

(ङ) हवा ने आदमी का क्या उड़ा दिया ?
उत्तर - हवा ने आदमी की टोपी उड़ा दी ।

👉 **उत्तर कुंजी -**

(1) > (क) कोट
(ख) टोपी
(ग) बटन
(घ) तपने

(2) > (क) सूरज ने हवा से कहा
(ख) हवा ने सूरज से कहा